Edit with WPS Office

पाठ - 16

तिरंगा

विधा - कविता

शब्दार्थ

शान - गर्व

मान - सम्मान

सारी - संपूर्ण

गाथा - कहानी

आह्वान - बुलावा

स्वतंत्र - मुक्त

गगन. - आकाश

अब पूरी कविता का एक साथ भाव स्पष्ट कर दीजिए-

भारत की है.............................. तिरंगा।

हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारे देश भारत का गौरव है। यह तिरंगा हमारी भारत माँ का प्राण है। यह तिरंगा हमें देशप्रेम का पाठ पढ़ाता है और विश्व में अपना गौरव बढ़ाता है। हमारे देश के हर प्राणी की पहचान यही तिरंगा है। यह तिरंगा ही भारत का गौरव है।

इसमें लिखी........................ तिरंगा।

इसी राष्ट्रीय ध्वज में आज़ादी की पूरी कहानी लिखी हुई है अर्थात् आज़ादी के रण-बाँकुरे उसी ध्वज को हाथ में लेकर आज़ादी की लड़ाई लड़ते रहे हैं। यह तिरंगा ही हमारा राष्ट्रीय चिहन है। यह तिरंगा ही भारत का गौरव है।

रंग बहुत.............................. तिरंगा।

हमारे ध्वज के तीनों रंग बहुत ही प्यारे हैं, जिनको देखकर हमारे प्राणों में नई स्फूर्ति पैदा हो जाती है। नए युग के निर्माण के लिए हमारा तिरंगा हमें बुलाता रहता है। यह तिरंगा ही भारत का गौरव है।

आओ..................................... तिरंगा।

आओ हम सब भारतवासी मिलकर इसे खुले आसमान में ऊँचा उठाते हुए लहराएँ। भारत का तिरंगा आसमान को छू लेगा अर्थात् हमारा देश तिरंगे को लहराता हुआ प्रगति के पथ पर निरंतर

Edit with WPS Office

बढ़ता जाएगा। यह तिरंगा हमारे भारत देश का गौरव है।

सोचो और बताओ -

प्र०(क) तिरंगा किसका राष्ट्रीय ध्वज है?

उ०तिरंगा हमारे देश भारत का राष्ट्रीय ध्वज है।

प्र०(ख) हमारे ध्वज में कितने रंग हैं?

उ०हमारे ध्वज में तीन रंग हैं।

प्र०(ग) तिरंगे के मध्य में कौन-सा रंग है?

उ० तिरंगे के मध्य में सफ़ेद रंग है।

प्र०(घ) हमारा मान कौन बढ़ाता है?

उ० हमारा मान हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा बढ़ाता है।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-

प्र०(क) प्रेम का पाठ कौन पढ़ाता है?

उ० प्रेम का पाठ हमारा तिरंगा ध्वज पढ़ाता है।

प्र०(ख) जन जन की पहचान क्या है?

उ० जन जन की पहचान हमारा तिरंगा है।

प्र०(ग) आज़ादी की कहानी किसमें लिखी है?

उ० आज़ादी की कहानी हमारे तिरंगे ध्वज में लिखी है।

प्र०(घ) कौन आसमान को छू लेगा?

उ० आसमान हमारा तिरंगा छू लेगा।

Edit with WPS Office